750 दिव्यांगों को मिलेगा कौशल विकास का प्रशिक्षण

ईडीआईआई की एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. स्वावलंबन प्रोजेक्ट के तहत 750 दिव्यांग लोगों को कौशल विकास के प्रशिक्षण के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है।

संस्थान गुजरात के आणंद, खेड़ा, गांधीनगर, अहमदाबाद और अरवल्ली जिलों में इस प्रोजेक्ट को लागू करेगा। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग उद्यमियों की मदद करना है, ताकि वे अपनी बाजार पहुंच का विस्तार कर सकें और इस तरह अपनी आमदनी में वृद्धि सुनिश्चित कर सकें। इस प्रोजेक्ट के तहत ईडीआईआई 750 दिव्यांग लोगों को उद्यम प्रोत्साहन प्रशिक्षण प्रदान करेगा। संस्थान के के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि संस्थान दिव्यांगों के बीच उद्यमशीलता, रोजगार और आजीविका गतिविधियों को सफलतापूर्वक बढ़ावा दे रहा है। अब तक संस्थान ने 23 से अधिक राज्यों और 138 जिलों में काम किया है।